<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में ईको टूरिज्म संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– ईको टूरिज्म के तहत विलेज टूरिज्म को दिया जाये बढ़ावा।
- लखनऊ में दो दिवसीय एमएसएमई सम्मेलन का हुआ शुभारंभ। प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने कहा – प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में बड़ी भूमिका निभायेगा यह सेक्टर।
- बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम जारी। अलीगढ़ के मनोज कुमार ने हासिल किया पहला स्थान।

**********

भाजपा सांसद ओम बिरला कल ध्वनिमत से अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गये। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार तो बनाया था लेकिन सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। श्री बिरला पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। अपने संबोधन में श्री बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है।

***आदरणीय अध्यक्ष महोदय ये सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरह से मै बहुत–बहुत बधाई देता हूँ। हम सबका विश्वास है कि आप अपने वाले पांच साल हम सबका मार्ग दर्शन भी करेंगे और देश की आशा आपकी इच्छाए पूर्ण करने के लिए अपना दायित्व निभाने में आपकी बहुत बडी भूमिका रहेगी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में ईको पर्यटन विकास बोर्ड के संवाद कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक प्रर्यटन के साथ ही ईको पर्यटन को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। इस क्षेत्र में पर्यटकों को मनोरंजन और ज्ञान के साथ–साथ प्रकृति के करीब रहने का और उसे जानने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है यहां पर पर्यटन की असीम संभावनाएं है। गत वर्ष प्रदेश की आबादी से दो गुनी संख्या में अड़तालिस करोड़ पर्यटक यहां आये थे। इनमें आध्यात्मिक पर्यटकों की संख्या सबसे ज्यादा थी। काशी में दस करोड़, मथुरा वृन्दावन मे साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ पर्यटक पहुंचे। श्री योगी ने कहा कि पांच सौ वर्षो के बाद अयोध्या में श्रीराम लला के विराजमान होने के बाद पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गयी है। प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख पर्यटक अयोध्याधाम पहुंच रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको टूरिज्म के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विलेज टूरिज्म को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि रोजगार सृजन की नई संभावनाएं बन सकें।

***होम स्टे जो हम स्पिरिचुअल टूरिज्म की दृष्टि से करते हैं चाहे वह काशी में हो, अयोध्या में हो या मथुरा वृंदावन में अगर इन्हीं संभावनाओं को लेकर के हम लोग यही कार्य इको टूरिज्म में भी उन ग्रामीण क्षेत्रों में भी निवेश टूरिज्म को डेवलप करे। तो गाँव के लोगो के सामने भी रोजगार सृजन की एक नई संभावना बनेगी। लोगों के मन में एक उत्साह आएगा। उनके रहन सहन, उनके व्यवहार में सामान्य बातचीत में एक नया परिवर्तन आपको देखने को मिलेगा। विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ने में उनको मदद मिलेगी।***

कार्यक्रम के दौरान सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में बढ़ावा देने के सयुक्त प्रयासों के लिये उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड और बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये।

**********

वर्ल्ड एमएसएमई डे से पहले कल प्रदेश के लघु कुटीर एंव मध्यम उपक्रम मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ में दो दिवसीय यूपी एमएसएमई सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका होगी। ऐसे में प्रदेश में एमएसएमई को बढ़ावा देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि

प्रदेश में इस समय छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट्स हैं, जो बड़े स्तर पर रोज़गार का सृजन करती हैं। सरकार की नीति है कि इन यूनिट्स को किसी प्रकार की परेशानी न हो क्योंकि देश की जीडीपी में एमएसएमई चालीस प्रतिशत का योगदान देती है। वहीं रोज़गार देने में एमएसएमई की बासठ प्रतिशत की हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज़मीन की कीमतों को लेकर उद्योगपतियों की चिंता को देखते हुए सरकार लैंड बैंक बना रही है।

कार्यक्रम में विकसित भारत के लिए एमएसएमई के विज़न पर मंथन करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि एमएसएमई बड़े पैमाने पर लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने का काम कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे इनोवेशन पर जोर दिया जाना चाहिये जो लोगों की भविष्य की ज़रूरतों को पूरा कर सकें।

**********

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस में अलीगढ़ के मनोज कुमार ने पहला स्थान हासिल किया है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जारी नतीजों में प्रयागराज के शिवमंगल ने दूसरा और वाराणसी के नजीर अहमद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रवेश परीक्षा में टॉप करने वाले मनोज कुमार ने कहा कि वह सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

टॉप टेन में छह पुरूष और चार महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इनमें अलीगढ़ के पांच अभ्यर्थी हैं। टॉपर मनोज के अलावा पांचवीं रैंक कुमारी दीक्षा, छठी रैंक अंजली राय, नौवीं रैंक हर्षिता वार्ष्णेय और दसवीं रैंक आवेश कुमार को मिली है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय ने कहा कि शासन ने परिणाम घोषित करने के लिये तीस जून की तारीख तय की थी, लेकिन नतीजे चार दिन पहले ही घोषित कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि कुल एक लाख तिरानबे हजार बासठ अभ्यर्थियों को रैंक जारी की गई है।

**********

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट में गड़बडी की जांच तेज हो गयी है। इसीक्रम में एक केन्द्रीय दल महाराष्ट्र के बीड पहुंच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार टीम ने जिले के मजलगांव तालुका के कुछ शिक्षकों से पूछताछ की है। मामले में एक और आरोपी को महाराष्ट्र में लातूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संजय जाधव है। अब तक चार में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने कुल चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इससे पहले लातूर जिला परिषद स्कूल के शिक्षक जलील खान पठान को रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

इधर प्रदेश में प्रयागराज के जी बी पंत विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर बद्रीनारायण तिवारी ने कहा है कि शिक्षा मंत्रालय नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं के मामले में पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है।

अभी सरकार ने जो पांच बड़ी कार्यवाही की है उससे एनटीए को पूरी तरह दुरुस्त करने की तैयारी है। इसके लिए कमेटी बनाई गयी है यह कमेटी सुझाव देगी कि एनटीए में क्या बदलाव होंगें जिससे भविष्य में इस परीक्षा की प्रक्रिया में कोई गड़बडी न हो सके।

**********

अब प्रदेश भर में किसी भी जिले के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में किसी भी पाठ्यक्रम में विद्यार्थी, प्रवेश के लिए विकल्प दे सकेंगे। शैक्षिक सत्र दो हजार चौबीस पचीस से विद्यार्थियों को विकल्प चुनने की खुली छुट दे दी गयी है। अभी तक कोई भी छात्र राजकीय आईटीआई में अधिकत्म तीन जिलों के छह संस्थानों और निजी आईटीआई में तीन जिलों के पच्चीस संस्थानों में प्रवेश का विकल्प चुन सकता था।

**********

प्रदेश में ललितपुर के रास्ते मानसून ने दस्तक दे दी है। दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। बीते चौबीस घंटे में लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, पीलीभीत, चंदौली, जौनपुर, बलरामपुर, कौशांबी और गोरखपुर सहित अन्य जनपदों में बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। विभाग की ओर से अगले चार दिनों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ ही बारिश की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी अलग–अलग स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

**********

काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंथ डाक्टर कुलपति तिवारी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री ने लिखा है कि डाक्टर कुलपति ने दीर्घकाल तक बाबा विश्वनाथ की अनन्यभाव से सेवा की और आज बाबा की चरणों में लीन हो गये उनका शिवलोकगमन काशी के लिए अपूरणीय क्षति है।

**********